पंजाब केसरी 04/10/2023

जी.एम.एन. कालेज में इतिहास विभाग द्वारा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

कालेज में विद्यार्थियों को इतिहास के बारे में जानकारी देते डा. अतुल यादव।

अम्बाला, 3 अक्तूबर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज के इतिहास विभाग द्वारा ओरिएंटेशन कम एक्सटैंशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय इतिहास विषय में स्कोप एवं कैरियर रहा। इस व्याख्यान में एसोसिएट प्रोफैसर गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला कैंट डा. अतुल यादव ने एक रिसोर्स पर्सन के रूप में भागीदारी की। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इतिहास विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का रुझान विषय के प्रति बढ़ता है जो आगे चलकर विद्यार्थियों को करियर चुनाव करने में काफी मदद करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत में डा. धर्मवीर सैनी अध्यक्ष इतिहास विभाग जी.एम.एन. कालेज ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और विषय के बारे विद्यार्थियों को जानकारी दी। डा. अतुल यादव ने अपने व्याख्यान में बताया कि इतिहास एक ऐसा विषय है जिसको हर विद्यार्थी को पढ़ना चाहिए। क्योंकि इतिहास की जानकारी के बिना आप अपने देश के गौरवशाली इतिहास को नहीं जान सकते और जब तक आप अपने देश के इतिहास को नहीं पाओगे। आप अपने देश के विकास में योगदान नहीं दे सकते। इतिहास विषय में अपार संभावनाएं भी हैं।

इतिहास विषय को पढ़कर न केवल आप एक अध्यापक के रूप में अपने कैरियर की शुरुआत कर सकते हैं, बल्कि इतिहास विषय को चुनकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में राज्य प्रशासनिक सेवा में भी जा सकते हैं।

इसके अलावा इतिहास विषय से संबंधित प्रश्न हर प्रतियोगी परीक्षा में काफी मात्रा में पूछे जाते हैं। जैसे स्नातक परीक्षा, एन.डी.ए., सी.डी.एस., स्टाफ सिलैक्शन सेवा, भारतीय सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाएं, राज्य के स्टाफ सिलैक्शन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाएं सभी में इतिहास विषय के प्रश्नों की संख्या काफी अच्छी मात्रा में होती है। इस कार्यक्रम में इतिहास विभाग के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भागीदारी की।